हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 4 मार्च 2026

10 ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर ...



11 रोहतक के पहलवान नीतिश कुमार ने जीता ...



### विधायक सर्राफ ने बाग कोठी क्षेत्र में लोगों को गुलाल लगाकर दी पर्व की बधाई

# बाग कोठी में उड़ रै गुलाल...की गूंज

किसी भी व्यक्ति ने एक-दूसरे पर पानी की एक भी बूंद नहीं डाली,बल्कि सभी गुलाल अब्बीर से होली खेलते नजर आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को भले ही ग्रामीण इलाकों में चंद्रग्रहण के सूतक का असर नजर आया हो,लेकिन छोटी काशी में होलिया में उड़ रै गुलाल। गाने की गूंज हर गली व कूचों में सुनाई दी। अनेक जगहों पर लोगों ने कार्यक्रम का आयोजन करके होली पर्व जमकर खुशी मनाई। इस दौरान एक-दूसरे को गुलाल अब्बीर लगाकर पर्व की बधाई दी।

दूसरी तरफ बागकोठी इलाके में विधायक घनश्याम सर्राफ ने शहर के लोगों को चंदन के मिश्रण के गुलाल अब्बीर लगाकर पर्व की बधाई दी। वहीं पर पहुंचे लोगों ने भी विधायक को गुलाल अब्बीर लगाकर खुशी को दोगुना किया। विधायक ने वहां पहुंचने वाले लोगों का मुंह मीठा करवाया। शाम तक बागकोठी में जश्न का माहौल बना रहा। हैरान की बात यह है कि इस दौरान किसी भी व्यक्ति ने किसी पर पानी की एक भी बूंद नहीं डाली,बल्कि गुलाल अब्बीर से होली खेलते नजर आए।





**भिवानी।** होली पर्व पर लोगों को गुलाल-अब्बीर लगाकर बधाई देते विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह और लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई देते विधायक सर्राफ। फोटो : हरिभूमि

**भाईचारे की भावना से स्नेहपूर्वक मनाएं त्योहार : उपायुक्त**

उपायुक्त साहिल गुप्ता ने जिले वासियों को होली के पवित्र त्योहार की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि रंगों के इस त्योहार पर पानी की बर्बादी ना करें। एक-एक दूसरे को हर्बल रंग से तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दें। उन्होंने कहा है कि नागरिक इस त्योहार के अवसर पर भाईचारे की भावना को प्रबल करते हुए प्रेम पूर्वक होली का पर्व मनाएं। होली रंगों का त्योहार है। उन्होंने विशेषकर बच्चों व विद्यार्थियों से इको फ्रेंडली होली खेलने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि केमिकल युक्त रंगों के पानी में मिलने से त्वचा और शरीर को काफी नुकसान पहुंचता है। डीसी ने कहा है कि तिलक होली खेलें और केवल हर्बल रंगों या फूलों का उपयोग करें। आंखों, त्वचा, नाक को धूप के चश्मे, सनस्क्रीन या मास्क से बचाएं। आपातकालीन स्थिति में योग्य चिकित्सक से परामर्श लें।

## होली रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे एवं सौहार्द का पर्वः गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

होली रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे एवं आपसी सौहार्द का सबसे बड़ा पर्व माना जाता हैं, जिसे पूरा भारत वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस पर्व पर हम सभी को आपसी भेदभाव भूलाकर आपस में मिलजुलकर रहना चाहिए।

यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी परिवार द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में मनाई गए फूलों एवं तिलक की होली मनाते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने कहे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व बड़े ही परम्परागत तरीके से मनाते हैं, जिसमें सर्व धर्म के लोग मिलकर रंगोत्सव का आनंद उठाते हैं।



भिवानी। वैश्य कॉलेज में एक दूसरे को गुलाल अब्बीर लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

**पानी बर्बाद न करेंः डॉ.संजय**

प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने सभी स्टाफ सदस्यों, विधार्थियो एवं शहरवासियों को पानी की बर्बादी ना करके फूलों एवं तिलक होली खेलने का आह्वान किया। उन्होंने बताया की पानी की बर्बादी से आने वाले समय में मानव जीवन को इसका बहुत बड़ा खतरा पैदा हो सकता है इसलिए हमें पानी को बचाने का संकल्प लेते हुए उसकी बर्बादी रोकनी चाहिए। महाविद्यालय के कार्यालय अधीक्षक कमल भारद्वाज ने कहा कि होली का त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है।

## शिविर में लोगों ने बिजली-पानी, राशन कार्ड और भूमि संबंधी समस्याएं रखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

बाढ़ड़ा कस्बे में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में एसडीएम आशीष सांगवान के आदेश पर विभिन्न विभागों के कार्यालय अध्यक्ष एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों ने बिजली, पानी, पेंशन, राशन कार्ड, भूमि संबंधी मामलों सहित विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीएम सांगवान के आदेश पर कस्बे के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि एक ही मंच पर उनकी सुनवाई हो और समाधान मिले। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाएगी। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण एवं कस्बावासी मौजूद रहे। लोगों ने पहल की सराहना की और प्रशासन से शिविर नियमित रूप से लगाने की मांग की।

### सीबीएलयू के ओल्ड कैंपस में तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेला 12 से 14 मार्च तक लगेगा

## प्रदर्शनी का उद्देश्य पारम्परिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सशक्त मंच प्रदान करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए 12 से 14 मार्च तक चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के ओल्ड कैंपस भिवानी में तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी मेला में इच्छुक कारीगर-दस्ताकार अपनी स्टॉल के लिए आवेदन हेतु विभाग के कार्यालय के हेल्पलाइन न. 01664-243200 पर या 9017109998 ( रचना त्रिपाठी, सहायक निदेशक प्रभारी) से सम्पर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विभाग की अधिकारिक वेबसाइट भी देख सकते हैं।

सहायक निदेशक प्रभारी रचना त्रिपाठी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा विश्वकर्मा कारीगरों/दस्तकारों को सशक्त बनाने के लिए पांच वर्षों 2023-24 से 2027-28 तक 13 हजार करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य पारम्परिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि योजना का उद्देश्य एवं क्षेत्रीय कारीगरों द्वारा हस्तशिल्प उत्पादों को सीधे बिना बिचौलिये के उचित दाम पर बेचना व पारम्परिक हुनर को व्यवसाय से जोड़ना है। इस प्रदर्शनी में कारीगरों को ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। विश्वकर्मा लाभार्थियों को अगर कोई समस्या आ रही है तो वे अपने इस दौरान आवेदन पत्र भी जमा करवा सकते हैं । उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में भाग लेने वाले लाभार्थियों को निःशुल्क स्टाल उपलब्ध करवाई जाएंगी। स्टाल का वितरण पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

**ये कर सकेंगे प्रदर्शन**

मेले में कुम्हार, दर्जी, मोची, राजमिस्त्री, सुनार, मालाकार सहित गुड़िया, चटाई, टोकरी और खिलौने बनाने वाले शिल्पकार अपनी हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन करेंगे।






## खबर संक्षेप

### सुमंत कुमार ने बतौर मुख्य महाप्रबंधक संभाला कार्यभार

**महेंद्रगढ़।** पंजाब नेशनल बैंक में सुमंत कुमार ने बतौर महाप्रबंधक ज्वाइन कर लिया है। सुमंत कुमार इससे पूर्व पंजाब नेशनल बैंक के डिजिटल बैंकिंग विभाग में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें बैंकिंग क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का गहन, बहुआयामी एवं नीतिगत अनुभव प्राप्त है। प्रधान कार्यालय में रणनीतिक एवं प्रौद्योगिकी आधारित पहलों का नेतृत्व करने के साथ-साथ उन्होंने फील्ड स्तर पर भी सशक्त प्रशासनिक दायित्व निभाए हैं। वे बेंगलुरु में उप-मंडल प्रमुख, उदयपुर में मंडल प्रमुख तथा दुर्गापुर में आंचलिक प्रबंधक के रूप में कार्य कर चुके हैं।

### दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 11 मार्च से

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा कार्यस्थल की गतिशीलता व्यक्ति और संगठन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 11 मार्च से 13 मार्च तक किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ एवं नीति-निर्माता सहभागी होंगे। सम्मेलन में कार्यस्थल के बदलते स्वरूप, संगठनात्मक व्यवहार, मानसिक स्वास्थ्य, नेतृत्व की भूमिका, तकनीकी परिवर्तन तथा कार्य-जीवन संतुलन जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी।

### कर्मियों ने कैशलेस मेडिकल पॉलिसी लागू करने और पुरानी पेंशन बहाली की उठाई मांग

# ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर बिजली कर्मचारियों ने निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



शहर में मशाल जुलूस निकालते बिजली कर्मचारी।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन हैड ऑफिस भिवानी संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बिजली कर्मियों ने शहर में मशाल जुलूस निकाला। यूनियन के सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला के नेतृत्व में नेहरू पार्क से रोहतक गेट तक मशाल जुलूस निकाला, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर सरकार के प्रति अपना रोष जताया।

ये मांगे उठाई : कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन कर ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रद्द करने, कैशलेस मेडिकल पॉलिसी लागू करने, जोखिम भत्ता, पुरानी पेंशन बहाली व कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने समेत अनेक मांगें उठाई।

स्टाफ की भारी कमीः बल्लू बामला ने कहा कि अब तक सात चरणों में सफल आंदोलन हो चुका है। सब डिविजन, डिविजन, सर्कल, एमडी से लेकर एसीएस पॉवर तक विरोध प्रदर्शन करने का काम किया है तथा पांच फरवरी को पंचकुला में एसीएस पॉवर के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें एचवीपीएनएल के निदेशक समेत विभिन्न अधिकारी ने विरोध प्रदर्शन में पहुंचकर ज्ञापन लिया था और हजारों कर्मचारियों को विश्वास दिलाया था कि एसीएस पॉवर के साथ अगले सप्ताह में बैठक करवा दी जाएगी, लेकिन सरकार ने एसीएस पॉवर को केंद्र के अधीन भेजने का कार्य किया। अब तक कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे लगाता है कि सरकार कर्मचारियों की मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी, सांसद धर्मबीर सिंह, राज्यसभा सांसद किरण चौधरी से मांग की कि निगम में स्टाफ की भारी कमी है, ऐसे में आने वाले गर्मी के मौसम में बिजली संबंधित शिकायतें बढ़ेंगी जो निर्धारित समय में पूरी नहीं हो सकेगी और आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ेगी। यूनियन मांग करती है कि समय रहते स्टाफ की कमी को पूरा किया जाए, निगम द्वारा अन्य सर्कलों में भेजे कर्मियों को अपने मूल स्थान पर वापस लाया जाए, ताकि आमजन को बिजली समस्याओं से जूझना न पड़े।

**ये रहे शामिल**

इस मौके पर ऋषिराम, सोमबीर, रमेश यादव, मोंटी कुमार, राकेश बलोदा, रामपाल संडवा, जयबीर बादल, प्रवीन सांगवान, अमीर कादमा, पवन धनाना, मनीष कालीरामना, संजय तालु, नरेश तालु, संदीप शर्मा, कुलदीप शर्मा, नरेश तालु, सुरेन्द्र खेड़ी, अजीत जेई, ताराचंद छिल्लर, परमानंद उमरावत, प्रदीप सीए, पवन पहलवान, राजेन्द्र एसएसए, अनिल पंघाल, हरेन्द्र सांगवान, यशदीप दलाल, जयबीर यादव, विनय सांगवान व राजेश मलिक आदि मौजूद थे।


भिवानी। अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

## जिला योजनाकार विभाग ने अवैध निर्माण तोड़े

- ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग की टीम ने मौजा लोहारू में की कार्रवाई

**भिवानी।** जिला नगर योजनाकार कार्यालय भिवानी द्वारा अवैध निर्माण एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसी कड़ी में डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में विभाग की टीम ने मौजा लोहारू में लोहारू भिवानी रोड़ पर अवैध रूप से विकसित की जा रही दो दुकानों व निर्माण कार्य को जेसीबी से तोड़ा गया।

जिला नगर योजनाकार नरेन्द्र कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि बिना विभागीय अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्लॉट या कॉलोनी में निवेश से पहले विभाग से जानकारी अवश्य प्राप्त करें तथा वैध अनुमति के बिना निर्माण कार्य न कराएं। कार्रवाई के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




# दयालु-द्वितीय योजना का लाभ पीड़ित लोगों को मिलना चाहिएः उपायुक्त

- डीसी साहिल गुप्ता ने दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु द्वितीय योजना की समीक्षा में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में अधिकारियों के साथ दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु-द्वितीय योजना की समीक्षा की। यह योजना हरियाणा के निवासियों के लिए है। इस योजना के तहत लावारिस-आवारा/जंगली पशुओं जैसे गाय, बैल, कुत्ते, नीलगाय, भैंस आदि के काटने-चोट मारने से हुई आकस्मिक मृत्यु/घायल होने/ दिव्यांगता की स्थिति में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का उद्देश्य परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के तहत पंजीकृत सभी परिवारों को कवर करना है। डीसी ने अधिकारियों को विशेष जागरूकता कैंपों का आयोजन कर पीड़ित लोगों के जरूरी दस्तावेज पूरे करवाने के भी निर्देश दिए।

डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसमें दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत दयालु-द्वितीय योजना शुरू की है। इसमें आवारा पशुओं/पशुओं के कारण हुई दुर्घटना/घटना के संबंध में किए गए दावे के लिए भुगतान किए जाने वाले मुआवजे का निर्धारण जिला स्तरीय कमेटी द्वारा किया जाएगा। योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु या नॉर्म अनुसार प्रतिशत दिव्यांगता होने पर एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। आवेदन ऑनलाइन किया जा सकता है। आवेदक परिवार के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए। आवेदक परिवार हरियाणा का मूल निवासी होना चाहिए। एफआईआर की कॉपी की जरूरी है।

**इस प्रकार मिलता है पीड़ित लोगों को दयालु-द्वितीय योजना का लाभ**

डीसी ने बताया कि कुत्ते के काटने के मामले में मुआवजे की राशि न्यूनतम 10 हजार रुपये प्रति दांत के निशान पर होगी और जहां मांस त्वचा से अलग हो गया है, कुत्ते के काटने के मामले में यह न्यूनतम 20 हजार रुपये प्रति 0.2 सेमी घाव पर होगी। इसी प्रकार से 12 वर्ष तक आयु के बच्चों के लिए एक लाख रुपए, 12 से 18 वर्ष के लिए दो लाख रुपये, 18-25 वर्ष के लिए तीन लाख, 25 से 45 वर्ष आयु तक के लिए पांच लाख रुपये, 45 वर्ष से अधिक वायु वाले के लिए तीन लाख रुपए आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। लाभार्थी/दावेदार को दुर्घटना के 90 दिनों के भीतर सहायता हेतु योजना के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक विवरण और आवश्यक दस्तावेजों सहित एक आवेदन पत्र भरकर दावा दायर करना होगा।

**जागरूकता कैंपों में पूरे करवाए जाएंगे जरूरी दस्तावेज**

इस दौरान जिला सांख्यिकी अधिकारी डॉ. भागीरथ कौशिक ने बताया की भिवानी जिले में अब तक कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जल्द ही विभिन्न जगहों पर जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें पीड़ित लोगों के जरूरी दस्तावेज पूरे करवाए जाएंगे। दस्तावेजों में परिवार पहचान पत्र, एफआईआर/डीडीआर, मृत्यु प्रमाण पत्र और अस्पताल डिस्चार्ज प्रमाणपत्र जरूरी है। बैठक में एसडीएम महेश कुमार, डीडीपीओ सोमबीर कादयान व डीआईओ अमित लांबा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शहीद गुलाब सिंह पार्क में पहुंचकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प किए अर्पित

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित शहीद गुलाब सिंह पार्क में समाजसेवियों में अनाजमंडी प्रधान सुखबीर भाकर, विकास भाकर, सुखबीर थोरी, दिलबाग भाकर, राहुल भाकर, राजू सांगवान, परमजीत भाकर, संदीप भाकर, मुनेश सांगवान , सोमबीर भाकर, हैप्पी भाकर, मोंटी यूटयूबर, आनंद भाकर, प्रवीन थोरी, पवन भाकर, धर्मचंद भाकर, होकमचंद भाकर, निखिल भाकर, राहुल भाकर, राजकुमार भाकर, संजय फौजी, कृष्ण भाकर, कालू भाकर, कृष्ण थोरी, कुलदीप गुर्जर, धर्मेंन्द्र थोरी, अशोक थोरी आदि ने पहुंचकर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को याद किया। सभी ने बताया कि आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं ये सब कुछ शहीदों की ही बदौलत है। हमें उनकी शहादत को कतई नहीं भूलना चाहिए। वहीं उन्होंने शहीदों के अमर रहे के नारे लगाए और अपनी पीढ़ी को भी उनके नक्शेकदम पर चलने के लिए प्रेरित किया।

# रेस्क्यू ऑपरेशन में नहीं मिला तेंदुआ

- रविवार की शाम पहाड़ी पर दिखा तेंदुआ, मंदिर की छत से लोगों ने बनाया वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



शहरी क्षेत्र में तेंदुआ की एंट्री हो गई है। रविवार शाम यह जानवर ढाणी किरारोद की पहाड़ी पर दिखाई दिया। इस दृश्य को मोबाइल में कैद किया और सोशल मीडिया पर वारयल कर दिया। इसके बाद ढाणी किरारोद सहित आस पास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। प्रशासन का जब इस बात की भनक लगी तो उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने संबंधित विभाग की टीम को तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के लिए निर्देश है। इसके बाद सोमवार शाम को पहाड़ी और इर्द गिर्द टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान टीम को तेंदुआ नहीं मिला।

आपको बताते चले कि नारनौल के आसपास के कई गांवों में पहले भी तेंदुए की मूवमेंट देखी जा चुकी है। हाल ही में गांव दताल में भी दो बार तेंदुआ दिखाई दिया था, जिसके बाद वन्यजीव विभाग ने वहां पिंजरा लगाकर उसे पकड़ने की कोशिश शुरू की हुई है।

### बाबा गैबीराम का मेला और प्रतियोगिता आज

**मंडी अटेली।** बाबा गैबीराम का मेला गुवानी में चार मार्च धुलंडी के दिन भरेगा। इस मेले में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। इस मेले में मुख्यातिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक ओमप्रकाश यादव एवंविशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार रहेंगे। सरपंच प्रतिनिधि दिनेश यादव एवं मेला कमेटी ने बताया कि मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 71 हजार तक करवाई जाएंगी।

### लोगों की राय लेकर तैयार किया प्रदेश का बजटः धर्मबीर सिंह

# बजट में कोई नया कर नहीं लगाने से प्रदेश के लोगों को मिली बड़ी राहतः सांसद

- भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद धर्मबीर सिंह ने लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं बतौर वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में हरियाणा प्रदेश के नागरिकों पर कोई नया कर नहीं लगाया है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। नया टैक्स न लगाने के साथ-साथ लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि बजट लोगों की राय लेकर तैयार किया गया है, जिसमें हर वर्ग का ख्याल रखा है। बजट में प्रदेश के विकास के लिए जरूरी सभी आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तेज गति से प्रदेश का विकास हो रहा है, उससे लगता है कि 2047 में हरियाणा प्रदेश देश में सबसे पहले विकसित प्रदेश होगा।

सांसद धर्मबीर सिंह लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य के मद्देनजर हरियाणा के बजट में पहली बार प्राकृतिक/जैविक खेती करने वाले किसानों को 10 हजार रूपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। इतना ही नहीं अलग से मंडियों निर्माण तथा जैविक व आर्गेनिक खेती की लैबोरेट्री में जांच व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक व जैविक खेती की ब्रांडिंग के लिए 20 हजार रुपये की सहायता राशि बजट में रखी गई है।

**28 से 30 हजार करोड़ की अलग से व्यवस्था**

उन्होंने कहा कि बजट में पहली बार 28 से 30 हजार करोड़ की अलग से की व्यवस्था है ताकि किसी भी कार्य की जरूरत पैदा होने पर इस राशि का इस्तेमाल किया जा सके। उन्होंने कहा कि वॉटर हार्वेस्टिंग तथा वॉटर लोगिंग के लिए वर्ल्ड बैंक व नाबार्ड से 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है, जिसका प्रयोग विशेषतौर पर बाढ़ नियंत्रण व नहरों के जीर्णोद्धार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के लिए एआई, एमएसएमई पर ध्यान देना चाहिए। वर्तमान समय कौशल का है। युवाओं को केवल किताबी ज्ञान पर निर्भर नहीं होना चाहिए।



## होली पर कुड़ल के बाबा भोमिया मेले में सजा कुश्ती दंगल

# रोहतक के पहलवान नीतिश कुमार ने जीता 21000 रुपये का पहला इनाम


भिवानी। कुश्ती विजेता को इनाम देकर सम्मानित करते हुए।

**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** होली के पर्व पर गांव कुड़ल में ग्राम पंचायत बाबा भोमिया स्थल पर मेले में कुश्ती दंगल व कबड्डी, मटका दौड़ व रस्साकशी आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने खूब दावपेंच लड़ाए। आयोजन कमेटी के सदस्य बिजेंद्र तंवर व विक्रम फौजी ने बताया कि कुश्ती प्रतियोगिता में पहला इनाम 21000 रुपये का रोहतक के पहलवान नीतिश कुमार ने जीता। दूसरा 11000 रुपये का इनाम सन्नी गोलगढ़ व तीसरा 5100 रुपये का इनाम नवीन भानगढ़ ने जीता। इसी प्रकार से कबड्डी प्रतियोगिता में 45 किलोग्राम भार वर्ग में पहला इनाम (11000) बापोड़ा व दूसरा इनाम कुड़ल (5100) की टीम ने जीता। 35 किलोग्राम भार वर्ग में झोझू (7100) प्रथम व कुड़ल (4100) दूसरे स्थान पर रहे। महिला मटका दौड़ में पहला इनाम 2100 रुपये प्रमिला हुई ने जीता, दूसरा इनाम संतोष बडेसरा 1100 रुपये व तीसरा इनाम 500 रुपये मीलो हंसावास ने जीता। बुजुर्गों की दौड़ में पहला स्थान शमशेर छपार (2100), दूसरा स्थान सतबीर किलोई (1100) व तीसरा स्थान बचना दरोदी (500) ने हासिल किया। पुरुष रस्साकसी में गांव कुड़ल की दोनों टीम बराबरी पर रही। महिला रस्सा कसी में गांव कुड़ल की दोनों टीमें पहले व दूसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर बाबा भीम गिरी के अलावा कमेटी के सभी सदस्य, ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

> दूसरा 11000 रुपये का इनाम सन्नी गोलगढ़ व तीसरा 5100 रुपये का इनाम नवीन भानगढ़ ने जीता

## जानू शर्मा और बिच्छू मस्ता ने निकाली श्रीकृष्ण सुदामा की झांकी

# होली पर्व पर हुआ श्रीश्याम बाबा का कीर्तन व भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। श्रीश्याम बाबा का कीर्तन में श्रीकृष्ण व सुदामा की झांकी प्रस्तुत करते जानू शर्मा व बिच्छू मस्ता। फोटो : हरिभूमि

वार्ड-20 मस्तोवाली गली में हर वर्ष की भांति होली पर्व पर श्रीश्याम बाबा का कीर्तन, जागरण, भंडार व फुलों की होली कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश व श्रीश्याम बाबा की पूजा अर्चना के साथ किया, जिसमें विशेष रूप से परमानंद फौजी ने परिवार सहित शिरकत की।

कालीचरण पहलवान ने उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा की मनमोहक झांकियां निकाली, जिससे जानू शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण व बिच्छु मस्ता ने सुदामा की भूमिका निभाई सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर पार्षद आकाश मस्ता, संजीव भारद्वाज, करतार कौशिक, आनंद भारद्वाज, पवन मस्ता व एडवोकेट कांतिचंद्र आदि उपस्थित रहे।

## बेटा-बेटी को डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षक से पहले अच्छा इंसान बनाने की जरूरत : बीके वसुधा

**भिवानी।** परमात्म ज्ञान के रंग व योग अग्नि से व्यर्थ व नकारात्मक बातों को जलाएं और अपने गृहस्थ जीवन को आध्यात्मिक मूल्यों से सजे घर को मंदिर की तरह बनाएं, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की कादमा सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने होली व धुल्हेंडी पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज हम अपने बेटा बेटी को डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षक बनाना चाहते हैं, लेकिन आवश्यकता अच्छा इंसान बनाने की हैं। ब्रह्माकुमारी बहन ने कहा कि होली व धुल्हेड़ी पर्व पर व्यर्थ व नकारात्मक बातों को छोड़कर अपने बच्चों को सुसंस्कारित इंसान बनाएं, जिससे हमारा समाज, घर, परिवार व पड़ोस संस्कारित बन जाएगा। बीके वसुधा बहन ने कहा कि आज हम कितने भी भौतिक सुख सुविधाएं, पैसा कमा लें, जीवन में सुख, शांति, आनंद, प्रेम और पवित्रता नहीं हैं तो सब कुछ व्यर्थ है।

> ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में कार्यक्रम का आयोजन हुआ

## हरियाणा का बजट 2026-27 : सबका साथ सबका विकास का जीवंत दस्तावेज : विनोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला।

> 2047 तक प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प का मार्ग प्रशस्त हुआ

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पेश किए गए 2,23,658 करोड़ के राज्य बजट को भाजपा जिला प्रवक्ता विनोद चावला ने ऐतिहासिक और समावेशी बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि वर्ष 2047 तक हरियाणा को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के संकल्प का मार्ग प्रशस्त करता है। विनोद चावला ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान, महिला, युवा और गरीब (अन्त्योदय) सहित हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा है। उन्होंने बजट के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बजट में खेती के लिए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु राज्य में हरियाणा एग्री डिस्कोम नामक तीसरी बिजली वितरण कंपनी बनाने का निर्णय क्रांतिकारी है। इससे 7.12 लाख से अधिक किसान सीधे लाभान्वित होंगे। एक लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की ट्रेनिंग और मेक इन हरियाणा के तहत रोजगार सब्सिडी को 48 हजार से बढ़ाकर एक लाख करना युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। हरियाणा पुलिस भर्ती में अग्निवीरों के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने देशभक्त युवाओं का मान बढ़ाया है। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि स्वास्थ्य बजट में करीब 2500 करोड़ की वृद्धि की गई है, जिससे राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। 3 लाख किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने और स्वस्थ नारी क्लीनिक खोलने के प्रस्ताव की भी उन्होंने सराहना की। चावला ने कहा कि यह बजट मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच का परिचायक है यह बजट हरियाणा को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।






## पंडित नेकीराम शर्मा पार्क कमेटी ने पौधरोपण कर मनाया होली पर्व


भिवानी। स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा पार्क में पौधरोपण करते कमेटी सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**भिवानी।** कीर्ति नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी पंडित नेकीराम शर्मा पार्क में पार्क कमेटी ने पौधरोपण कर होली पर्व मनाया। होली पर्व पर पार्क में छायादार एवं फूलदार 60 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर पार्क कमेटी के प्रधान सेवानिवृत बीडीपीओ राजकुमार शर्मा व नगर पार्षद अंकुर कौशिक ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के लिए समय समय पर लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। इस मौके पर नरेश द्वारका, रिटायर्ड कानूनगो राजकुमार कौशिक, रतिराम सैनी, कपूर शर्मा, रामनारायण रोहिल्ला, दलबीर रंगा, दलबीर बडेसरा, प्रकाश ठेकेदार, रामनिवास इंस्पेक्टर, आजाद सहारण, कृष्ण भारद्वाज, मास्टर सत्यप्रकाश, राकेश रंगा, कुलदीप शर्मा, कैप्टन कश्मीर यादव, अशोक गुप्ता, महावीर शर्मा, ईश्वर शास्त्री, भवानी शंकर पटवारी, सुनीता रावत व यशोदा रावत आदि उपस्थित रहे।






## गांव देवावास में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक का ग्रामीणों ने किया स्वागत

# मंत्री और सांसद आईएमटी एवं बाईपास के नाम पर जनता को कर रही गुमराह


भिवानी। जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक का स्वागत करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

मंगलवार को गांव देवावास में कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंची जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मलिक ने देवावास गांव के विकास कार्यों के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा की। मलिक ने कहा कि कैबिनेट मंत्री व राज्यसभा सांसद आईएमटी एवं तोशाम बाईपास के नाम पर जनता को गुमराह करेंगी और बाद में ये कहकर मना करेंगी कि तोशाम में किसानो ने आईएमटी के लिए जगह नहीं दी, इसलिए नहीं बन सकता। मलिक ने कहा कि आने वाले चुनाव में आईएमटी के बारे में आप लोग इनसे पूछोगे तो झूठी नौटंकी व ड्रामे का काम करेंगी। मलिक ने कहा कि ये तो पुलिस अधिकारियों का डर दिखाकर तोशाम की जनता पर अंग्रेजों का शासन लागू कर रही हैं। अंग्रेजों का वक्त चला गया तो इनका वक्त भी चला जाएगा, जो तकलीफ ये तोशाम की जनता को दे रही है, इससे कई गुना ज्यादा अंत इनकी राजनीति का होगा। मलिक ने कहा कि प्रत्येक घर में गाय पालनी चाहिए, जिसमें सभी प्रकार के देवी-देवता वास करते हैं और इसे पालने से घर के सभी वास्तु दोष दूर होते हैं। इस अवसर पर कृष्ण मलिक, जिला पार्षद नरेंद्र देवराला, सरपंच देवावास सुल्तान लाम्बा, सरपंच सरल राजेश सूरा, सरपंच छनवा पटौदी, अजीत सरपंच सिढान, संदीप सरपंच दरियापुर, कोच अशन कुमार आदि उपस्थित रहे।




# होली विशेषांक, बवानी खेड़ा

आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं होली आपके जीवन में अपार खुशियां लेकर आए। हरिभूमि समाचार पत्र को हर बार की भांति विज्ञापन के रूप में अपार प्यार देने के लिए आपका तहदिल से आभार।

**दीपक कुमार डुमड़ा**

हरिभूमि प्रतिनिधि, बवानी खेड़ा 9315441412



